# ई-केवाईसी: नन्दौर खुर्द पंचायत में लगाया शिविर

भास्कर न्यूज | सक्ती

भारतीय स्टेट बैंक ने नन्दौर खुर्द ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर लगाया। इसमें भारतीय स्टेट बैंक सक्ती, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सक्ती, पंजाब नेशनल बैंक सक्ती और बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सक्ती शामिल हुए।

भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देश पर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक देशभर में वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सक्ती जिले की सभी 321 ग्राम पंचायतों में जिला प्रशासन के सहयोग से बैंक शिविर लगा रहे हैं। शिविर में जनधन खातों की केवाईसी, नए जनधन खाते खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से जुड़ा काम किया। वित्तीय सेवा विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार खातों की केवाईसी समय-समय पर जरूरी होती है, ताकि खाताधारक अपने खाते का संचालन ठीक से कर सकें। भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक मनीष पाराशर और सहायक महाप्रबंधक दीपेश तिवारी ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों और लाभार्थियों से बातचीत कर वित्तीय समावेशन की अहमियत बताई। शिविर में रिजर्व बैंक की एकीकृत ऑम्बड्स्मैन योजना 2021, निष्क्रिय खाते, डिजिटल धोखाधड़ी, बीमा योजनाएं और शासकीय ऋण योजनाओं की जानकारी दी। अग्रणी शाखा प्रबंधक के अनुसार शिविर में 175 जनधन खातों की केवाईसी [की]
गई। 28 नए जनधन खाते खो[ले]
गए। 35 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीम[ा],
20 जीवन ज्योति बीमा और 1[…]
अटल पेंशन योजना के खाते खो[ले]
गए। अग्रणी जिला प्रबंधक मनो[ज]
कुमार वर्मा ने सभी जन[धन]
खाताधारकों से निष्क्रिय खातों [की]
केवाईसी कराने की अपील की।

शिविर में जनपद पंचाय[त]
सक्ती की सीईओ प्रीति पवा[र],
अग्रणी बैंक कार्यालय प्रबंध[क]
मनोज कुमार वर्मा, भारतीय स्टे[ट]
बैंक के आरएम आद[…]
श्रीवास्तव, पंजाब नेशनल बैंक [के]
सर्कल हेड दिव्यरंजन नायक,
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक [के]
आरएम आशीष कुमार सिं[…]
भारतीय स्टेट बैंक सक्ती के मुख्[य]
शाखा प्रबंधक रॉकी गोयल [और]
सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक [व]
स्टाफ मौजूद रहे।



शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी और अन्य।